प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा
निविदा सूचना संख्या– 04/2019–20
किराये पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु निविदा

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार, पटना के अधीन राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा के प्राचार्य हेतु कार्य हित में विभागीय पत्रांक–188, दिनांक–15.01.2019 के आलोक में आउटसोर्सिंग के माध्यम से निविदा के आधार पर अधिकतम रुपये 34000.00 (चौतीस हजार) मात्र प्रतिमाह की दर से भाड़े की वाहन की आवश्यकता है। इस हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक–**13/11/2019** से दिनांक:– **23/11/2019** तक 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में रुपये 1000.00 का ननरिफन्डेबल एकाउन्टपेयी बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा के पदनाम से दरभंगा में भुगतेय हो एवं नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।

1.वाहन का प्रकार – Scarpio/Innova (A.C.)/ ईंधन सहित/रहित, वाहन का दर चालक सहित/ चालक रहित देय होगा।

2.निविदादाता के पास स्वयं अथवा एजेन्सी के नाम से उपर्युक्त वाहनों का व्यावसायिक निबंधन होना चाहिए। वाहन अच्छी स्थिति में होना चाहिए। वाहन से संबंधित सभी कागजात अद्यतन होना चाहिए।

3.तकनीकी निविदा में वाहनों का अद्यतन फिटनेश प्रमाण पत्र, GST निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर विभाग से निबंधित होना चाहिए। साथ–साथ अद्यतन कर शोधन प्रमाण– पत्र, विगत तीन वर्षो का आयकर रिटर्न एवं आयकर पैनकार्ड की स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति लगाना अनिवार्य होगा।

4.निविदादाताओं को वाहन निबंधन, बिमा, प्रदुषण, कर प्रतिक एवं परमिट की छाया प्रति संलग्न करना होगा।

5 निविदा दाताओं को आपराधिक चरित्र नही होने संबंधी एवं काली सूची में दर्ज नही रहने संबंधी शपथ पत्र का मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6. निविदा के साथ रु0 10,000.00 (दस हजार) रूपये बतौर अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा के पदनाम से प्रतिभूति के रूप में एवं निविदा फार्म कय करने का रसीद (एक हजार रूपये) का मूल प्रति समर्पित करना होगा।

7. तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा दो अलग अलग सील बंद लिफाफा कमशः A और B में देना होगा। दोनों लिफाफा A एवं B को एक बड़े लिफाफा में डाल कर मुहर बंद करना अनिवार्य होगा। बड़े लिफाफा के उपर में निविदा सूचना संख्या अंकित रहना चाहिए।

8. कोई भी निविदा निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात स्वीकार नही किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि अथवा अगले दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्य दिवस मान्य होगा।

9.मुहर बंद लिफाफों मे दिनांक–**25/11/2019** अपराह्न 05.00 बजे तक प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक दरभंगा, के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। निविदा खोलने की तिथि –**29/11/2019** को 11.30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना द्वारा गठित कय समिति के समक्ष तकनिकी निविदा खोली जायेगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

10. तकनीकी निविदा में सक्षम पाये गये निविदा दाताओं का ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

11.निविदा को बिना कोई कारण बताये संशोधन करने, स्थगित करने या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

12. उक्त निविदा www.gpdarbhanga.org.in website पर भी देखी जा सकती है।

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक
दरभंगा